रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13062020-219929
CG-DL-E-13062020-219929

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1673] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 12, 2020/ज्येष्ठ 22, 1942
No. 1673] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 12, 2020/JYAISHTHA 22, 1942

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 जून, 2020

का.आ. 1876(अ).—एक प्रारुप अधिसूचना भारत के राजपत्र, असाधारण में भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1653 (अ), तारीख 16 अप्रैल, 2018 द्वारा प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर, आक्षेप और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना से युक्त करने वाली राजपत्र की प्रतियां जनता को 16 अप्रैल, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से कोई भी आक्षेप और सुझाव प्राप्त नहीं हुए थे;

और, राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य भारत का पहला और एकमात्र त्रिस्तरीय नदी संरक्षित क्षेत्र है जो उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों को पार करता है;

और, राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य उत्तर प्रदेश के आगरा जिलों में स्थित है और यह लगभग 635.0 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है;

और, अभयारण्य में उपलब्ध प्रमुख वनस्पतियां *अचिरन्थेस एस्पेरा, कैलोट्रोपिस प्रोसेरा, बॉम्बैक्स सीइबा, बाउहिनिया पुरपुरिया, कैसिया ओसिडेंटलिस, कैसिया तोरा, तामरिंडस इंडिका, कैनबिस सतीवा, इपोमोया एसपी., कसकुटा रिफ्लेक्सा, रिकिनस कम्युनिस, डालबर्गिया सिस्सू, पोंगामिया ग्लाबरा, अज़ाडिराचटा इंडिका, मेलिया अज़ेडोरच*, अकैसिया निलोटिका, आदि हैं;

और, राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य में नीलगाय (*बोसेलाफस ट्रागोकैमेलस*), बनैला सूअर (*सूस स्क्रोफा*), साही (*एरेथिजोन डोरसटम*), ब्लैक-नैप्ड हेर (*लेपस निग्रीकोलिस*), भारतीय लोमड़ी (*वल्पस बेंगालेंसिस*), गोल्डन जैकाल (*कैनिस ऑरियस*), लकड़बग्घा (*क्रोकटा क्रोकटा*), भारतीय भेड़िया (*कैनिस ल्यूपस पैलिपेस*), स्मूथ-कोटेट ओटर (*लुट्रोगेल पर्सिसिलाटा*), आदि के प्राकृतिक वास है। यह बहुत महत्त्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र है **प्राकृतिक** जहां घड़ियाल (*गेवियलिस गैंगेटिकस*) जैसे सरीसृपों को स्वच्छ जल का संरक्षण प्राप्त है;

और, राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य पक्षी अभयारण्य है, जैसे कि बड़ी संख्या में पक्षी प्रजातियों में समृद्ध ब्लैक फ्रेंकोलिन (*फ्रैंकोलिनस फ्रैंकोलिनस*), ग्रे बटेर (*कोटर्निक्स पेक्टोरलिस*), सामान्य मोर (*पावो क्रिस्टेटस*), व्हाइट ब्रेस्टेड किंगफिशर (*हैलियोन स्माइरेनेन्सिस*), भारतीय रोलर (*कोरासियस बेंथालेंसिस*), क्रो-फिजंट (*सेंट्रोपस सिनेनसिस*) रोजरिग्ड पैराकिट (*सिट्टाकुला क्रामेरी*), चित्तीदार कबूतर (*स्ट्रेप्टोपेलिया चिनेंसिस*), ब्लू रॉक कबूतर (*कोलंबा लिविया*), सॉरस क्रेन (*ग्रस एंटीगोन*), डेमोसिसले क्रेन (*ग्रस विर्गो*), रोसी पेलिकन (*पेलेकिनस ओनोक्रोटालस*), रोजी पेलिकन (*पेलेकैनस ओनोक्रोटेलस*), तालाब बगुला (*आर्देओला ग्रेई*), लिटिल एग्रेट (*एग्रेट्टा गार्जेटा*), नाइट बगुला (*नक्टिकोरेक्स*), लेसर फ्लेमिंगो (*फॉइनिकोप्टेरस माइनर*), ग्रेटर फ्लामोंगो (*पोएनिकोप्टेरस रूबर*), पेंटेड स्टॉर्क (*माइएक्टेरिया ल्यूकोसेफला*), ओपेनबिल स्टॉर्क (*एनास्टोमस ओसिटैन्स*), वूलीनेक्ड स्टोर्क (*सिकोनिया एपिसकोपस*), ब्लैक आइबिस (*स्यूडिसिस पेपिलोसा*), हनी बजर (*पेरनिस टिलोरिन्कस*), शिकरा (*एसिपिटेर बैडियस*), एजिप्टियन गिद्ध (*नियोफरोन पेरनोपटोरस*), मार्श हैरियर (*सर्कस एरुगिनोसस*), क्रेस्टेड सर्पेड इगल (*स्पिलोरनिस चीला*), ब्लैकविंग्ड स्टिल्ट (*हिमैन्टोपस हेयेंटोपस*), एवोसेट (*रिकुरविरोस्ट्रा एवोसेटा*), रिवर लैपविंग (*वैनेलस डुवुसेलि*), सामान्य सैंडपाइपर (*ट्रिंगा हाइपोलुकोस*), ब्राउन हेडेड गूल (*लार्स ब्रुनिसेफालस*), व्हाइट-विंग्ड टर्न (*क्लिडोनियस ल्यूकोप्टरस*), स्वलोव (*हीरुंडो रस्टिका*), ब्लैक ड्रोंगो (*डिक्र्यूरस एडसिमिलिस*), रूफस ट्रीपी (*डेंड्रोकिट्टा वेजुन्बुडा*), रेडवेंटेड बुलबुल (*पाईनोनोटस कैफर*), जंगल बैबर (*टूरडोइडेस स्ट्रीएटस*), मैगपाई रॉबिन (*कोप्सिकस सैलारिस*), येलो वैगटेल (*मोटाकिला फ्लेवा*), ग्रे वैगटेल (*मोटाकिल्ला सिनेरिया*), रेड मुनिया (*एस्ट्रिल्डा अमंडवा*), हैं;

और, राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य में पाई जाने वाली दुर्लभ, संकटग्रस्त, लुप्तप्राय और स्थानिक प्रजातियाँ सरीसृप घड़ियाल (*गेवियलिस गैंगेटिकस*), मार्श मगरमच्छ (*क्रोकोडायल पेलुस्ट्रिस*), फ्लैप शेल टर्टल (*लिसेमीस पैंक्टाटा*), सॉफ्ट शेल टर्टल (*ट्रायोनिक्स गैंगेटिकस*), नेरोव हेडेड कछुआ (*चित्रा इंडिका*), रेड क्राउंड कछुआ (*कछुगा कछुगा*), थ्री स्ट्रीप्ड कछुआ (*कछुगा धोंगोका*), इंडियन रुफ्ड कछुआ (*कछुगा टेक्टा*), इंडियन टेंट कछुआ (*कछुगा टेनोरिया*), क्राउंड रीवर कछुआ (*हरडेला थुरजी*), आदि हैं। अभयारण्य में स्तनधारी भी पाए जाते जैसे फ्रेश वाटर डॉल्फिन (*प्लैटनिस्टा गैंगेटिका*), रीसस मकाक (*मकाका मुलाटा*), हनुमान लंगूर (*प्रेस्बिटिस एन्टेलस*), गोल्डन सियार (*कैनिस ऑरियस*), भेड़िया (*कैनिस ल्यूपस*), लोमड़ी (*वुलस बेंगालेंसिस*), स्मूथ कोटेड ओटर (*लुट्रा परसपिसिलाटा*), कॉमन पाल्म सिवेट (*पैराडॉक्सुरस हेर्मैफ्रोडिटस*), भारतीय छोटा नेवला (*हर्पेस्टेस एरोपंक्टैटस*), भारतीय ग्रे नेवला (*हर्पेस्टेस एडवड्सी*), धारीदार लकड़बग्घा (*हाइना हाइना*), जंगली बिल्ली (*फेलिस चाउस*), जंगली सूअर (*सुस स्क्रोफा*), सांभर (*करवस यूनीकोलर*), नीलगाय (*बोसेलफस ट्रागोकेमेलस*), काला हिरण (*एंटीलोप करविकाप्रा*), भारतीय गज़ेल (चिंकारा) (*गजेला बेनेटेटी*), उत्तरी प्लम गिलहरी (*फनंबुलुस पेनानटी*), साही (*हैस्ट्रीक्स*

इंडिका) भारतीय खरगोश (*लेपस निगरिकोलिस*), फ्लाइंग लोमड़ी (*टेरोपस गिगैंटेयस*), हेडजहॉग (हेमीचिनस माइक्रोपस), आदि, हैं;

और, राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योग या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

और, उपर्युक्त प्रारुप आधिसूचना 545 दिनों में पूरी हुई और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम (5) के उप-नियम (4) के अधीन अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की प्रदत्त शक्तियों के लिए सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन किया गया।

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (4) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस अधिसूचना में पर्यावरण अधिनियम कहाँ गया है) की धारा 3 की उपधारा (1) तथा उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3)द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तर प्रदेश राज्य में आगरा जिले में सीमाओं के चारों ओर शून्य से 1.0 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् इस अधिसूचना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जनहित में, उक्त नियमों के नियम 5 के उप-नियम (3) के खंड (क) के अधीन सूचना की आवश्यकता के बिना; जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात्:-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर शून्य से 1.0 किलोमीटर तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 178.98 वर्ग किलोमीटर है। (मध्य प्रदेश की अंतरराज्यीय सीमा को छूने के कारण पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार शून्य है)

(2) राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** के रुप में संलग्न है।

(3) राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र उसकी सीमाओं के ब्यौरे तथा अक्षांशों और देशांतरो के साथ **उपाबंध-II क, उपाबंध-II ख, उपाबंध-II ग, उपाबंध-II घ** और **उपाबंध-II ङ** के रुप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** के सारणी **क** और **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-IV** के रूप में संलग्न हैं ।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजनों के लिए, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए हों के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि;
(iv) राजस्व;
(v) शहरी विकास;
(vi) पर्यटन;
(vii) ग्रामीण विकास;
(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;
(ix) नगरपालिका;
(x) पंचायती राज; और
(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी-अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों की पुनः बहाली, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और शहरी बस्तियों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, उद्यानों और उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यंकन करेगी और इस में विद्यमान और प्रस्तावित भू- उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा देने वाले अनुसमर्थित मानचित्र भी दिए जाएंगे।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी में सूचीबद्ध पैरा-4 में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों की जीविका को सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित और उसकी अभिवृद्धि भी करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना, प्रादेशिक विकास योजना की सह-विस्तारी होगी ।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कार्यों को करने के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए उद्यानों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं किया जाएगा:

परन्तु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भंडार और स्थानीय सुविधाएं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन जिसके अंतर्गत ग्रहवास सम्मिलित है; और

(iv) पैराग्राफ 4 के अधीन दिए गए संवर्धित क्रियाकलाप:

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों और संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी गलती को, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त गलती को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त गलती को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा;

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्त्रोतों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलापों प्रतिषिद्ध करने के बारे में जो ऐसे क्षेत्रों के लिए अहितकर हो ऐसी रीति से मार्गदर्शक सिद्धांत तैयार किए जाएंगे।

(3) **पर्यटन या पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए होगा ।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभागों के परामर्श से पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी ।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा:

परन्तु यह कि वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिजॉर्ट का स्थापन केवल पूर्व परिभाषित और नामनिर्दिष्ट क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतो तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतो (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किसी नए होटल, रिजार्ट या वाणिज्यिक स्थापन का संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातो, झरने, दर्रो, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति- क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.–** पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार में पारिस्थितिकी-संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण और निवारण का अनुपालन किया जाएगा।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की निवारण और नियंत्रण, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, और पर्यावरण अधिनियम अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत सम्मिलित किए गए पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण संबंधी साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, इनमें जो भी अधिक कठोर हों, के अनुसार किया जाएगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357 (अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 के अधीन प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा; अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों (ई एस एम) का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन का निपटान भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय- समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय-यातायात.-** वाहन-यातायात का संचलन आवास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध सम्मिलित किए जाएंगे तथा आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किए जाने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार वाहनों की आवाजाही के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(15) **यानीय प्रदूषण.-** यानीय प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी मार्गदर्शक सिद्धांतो में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुज्ञात होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) जिन ढ़लानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, और तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 और पर्यावरणीय समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 सहित उसके अधीन बने नियमों और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), सहित अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्र. सं. **(1)**	**क्रियाकलाप** **(2)**	**विवरण** **(3)**
	अ. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनकों तोड़ने की इकाइयां तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होगी। (ख) खनन प्रचालन, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी: परन्तु यह कि फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शक सिद्धांतों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार जब तक, कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

5.	वृहत जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	ईंट भट्टों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	आ. विनियमित क्रियाकलाप	
9.	होटलों और रिजॉर्टो का वाणिज्यिक स्थापन ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टो की स्थापना अनुज्ञात नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथालागू मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा।
10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की विस्तार तक, इनमें जो भी निकट हो, किसी भी नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने उपयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी। परन्तु यह और कि गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
11.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल या बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा।
12.	वायु और यानीय प्रदूषण।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।

13.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अनुसार विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे ।
14.	पॉलिथीन बैग का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
15.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
16.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
17.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उडाना आदि।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
18.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियमों और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
19.	विद्युत और संचार टॉवरो का परिनिर्माण और तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
20.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण करना।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और उपलब्ध मार्गदर्शक सिद्धांतो के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
21.	होटल और लॉज के मौजूदा परिसर की बाड़ लगाना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
22.	रात्रि में यानीय यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अनुसार वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा ।
23.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
24.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों तथा पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाने वाले अपरिसंकटमय लघु और सेवा उद्योगों, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होगी।
25.	वन उत्पादों या गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रह ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
26.	ट्रेकिंग और कैंपिंग।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
27.	पर्वतीय ढ़लानों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
28.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।
29.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित होगा ।

30.	फर्मों, निगमों और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
31.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी अवसंरचनाएं।	यह व्यवस्था लागू विधियों, नियमों, विनियमों और उपलब्ध दिशानिर्देशों के अनुसार उपशमन उपायों के साथ की जाएगी।
इ. संवर्धित क्रियाकलाप		
32.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	सभी क्रियाकलापों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारिगर भी है।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
37.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	बागान लगाना और औषधीय पौधों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी संवेदी जोन अधिसूचना की मानीटरी के लिए मानीटरी समिति.- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन इस अधिसूचना के उपबंधों की प्रभावी मानीटरी के लिए मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-

क्र. सं.	**मानीटरी समिति का गठन**	**पद**
(i)	आयुक्त आगरा मंडल, आगरा	अध्यक्ष, पदेन
(ii)	उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य परियोजना, आगरा	सदस्य;
(iii)	पुलिस अधीक्षक या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आगरा और इटावा	सदस्य;
(iv)	राज्य के प्रतिष्ठित संस्थान या विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(v)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट जैव विविधता में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(vi)	गैर-सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि, (विरासत संरक्षण सहित पर्यावरण के क्षेत्र में सक्रिय) जिसे राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जायेगा	सदस्य;
(vii)	कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग, आगरा और इटावा	सदस्य;
(viii)	सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता, आगरा और इटावा	सदस्य;

(ix)	जिला कृषि अधिकारी, आगरा और इटावा	सदस्य;
(x)	क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला आगरा और इटावा	सदस्य;
(xi)	वन संरक्षक, आगरा सर्किल, आगरा	–सदस्य सचिव।

6. निर्देश निबंधन:- (1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की मानीटरी करेगी।

(2) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और तत्पश्चात् मानीटरी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) उन क्रियाकलापों की, जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित हैं, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(4) उन क्रियाकलापों की, जो भारत के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ.1533(अ) 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में सम्मिलित नहीं है, और जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, सिवाय इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के, मानीटरी समिति द्वारा वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं के आधार पर संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमो या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक के अपने क्रियाकलापों की वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध-V** में संलग्न प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को उसके कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/11/2017-ईएसजेड]

डॉ.सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए सीमा का विवरण

राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य की तीन राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में फैला है। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य एक संरेखीय अभयारण्य है इसकी उत्तर प्रदेश में पड़ने वाली भौतिकी सीमा का दक्षिणावर्त विवरण निम्न प्रकार है।

यह पिनाहट-राजखेड़ा मार्ग पर बाह रेंज के तसोद (जीपीएस उ 26°51.912' पू 078°12.319') से आरंभ होती है। यहां से यह 1 किलोमीटर की दूरी तक दक्षिणावर्त दिशा में जाकर यह अनुरूधापुरा के प्राथमिक विद्यालय के निकट से गुजरती है। कि कृषि भूमि से होते हुए यह मनशुक्पुरा (जीपीएस उ 26°52.257' पू 078°14.443') की कच्ची सड़क को पार करती है। इसके बाद करकौली (जीपीएस उ 26°54.217'पू 078°18.109') की कृषि भूमि से होते हुए गांव नयाबांस (जीपीएस उ 26°54.999' पू 078°20.939') तक जाती है। पुन: कृषिभूमि से होते हुए यह पीनाहट-अरौटा सड़क (जीपीएस उ 26°53.947' पू 078°22.562') को पार करती है। इसके बाद, कृषि भूमि (जीपीएस उ 26°52.337' पू 078°24.212') की पीनाहट-नदगवन सड़क अर्थात् उतसना ग्राम के साथ जाती है। यह सीकातारा (जीपीएस उ 26°52.486' पू 078°24.645') ग्राम से होते हुए कृषि भूमि से होकर कृषि भूमि एवं बदौस ग्राम (जीपीएस उ 26°51.079' पू 078°27.182') एवं चौराह ग्राम से होते हुए जाती है फिर यह झौला का पुरा (जीपीएस उ 26°49.825' पू 078°31.312') ग्राम पहुंचती है। फिर यह देवपुरा ग्राम (जीपीएस उ 26°48.360' पू 078°38.939') से जुड़कर सड़क भाग पर पीनाहट-नदगवन सड़क की दक्षिणावर्त दिशा की ओर जाती है।


इसके बाद कृषि भूमि से होते हुए दक्षिणावर्त दिशा में नदगवन जयपुर सड़क के साथ जाकर प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन के पहरपुर ग्राम (जीपीएस उ 26°49.425' पू 078°41.567') के ईटभट्टा पहुंचती है। फिर पथरामपुरा ग्राम से दक्षिणावर्त दिशा में बह- उदी सड़क के साथ जाकर उधन्नापुरा रेलवे पुल (जीपीएस उ 26°50.171' पू 078°47.744') से होकर कृषि भूमि से होते हुए राम नगरीय (जीपीएस उ 26°49.176' पू 078°45.282') के रेलवे पुल से गुजरती है पुन: शाहपुर गुजर से कृषि भूमि एवं बहश्रेणी (जीपीएस उ 26°48' 12.1"पू 078°47' 22.1") की पूर्वी सीमा से 1 किलोमीटर दक्षिणावर्त दिशा में जाती है इसके बाद बहादुरपुर ग्राम (जीपीएस उ 26°48' 1.45" पू 078°47' 57.45") के निकट जाकर पछयागांव चौराहा (जीपीएस उ 26°46' 11.12" पू 078°51' 47.48") के सामने में बह-उदी सड़क के साथ कृषि भूमि से होकर नायकपुरा, कुमहेरा, चंद्रापुरा खुर्द एवं मंकापुरा ग्राम की कृषि भूमियों से गुजरते हुए बधपुरा (जीपीएस उ 26°44' 26.11" पू 078°55' 12.43") के सामने रेलवे लाइन के निकट पहुंचती है। इसके बाद यह उदी- इटवा सड़क (जीपीएस उ 26°43' 30.72" पू 078°57' 46.98") को पार करके मीहौली सड़क (जीपीएस उ 26°39' 48.71" पू 079°01' 19.12") के निकट टावर के सामने और नगला अजीन, रमी का वार, पौथन ग्राम की कृषि भूमियों से होते हुए चकरनगर की ओर जाती है। फिर यह उदी–चकरनगर सड़क के साथ जाकर चकरनगर से लखाना सड़क की ओर और कसौआ, नगला कथोरी, नीमाधद ग्राम की कृषि भूमियों से होते हुए दिभौली पुल (जीपीएस उ 26°36' 38.72" पू 079°07' 12.78") तक पहुंचती है।

यमुना नदी के दिभौली पुल से प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा अंदवा की मदिया की ओर निजी क्षेत्र वन भूमि से होतें हुए सीकरोदी पुल (जीपीएस उ 26°32' 35.41" पू 079°14'56.17") को पार करती है। पुन: असेवा ग्राम (जीपीएस उ 26°28' 43.31" पू 079°16' 53.15") पहुंचकर निजी भूमि/वन क्षेत्र से होते हुए अन्नीरूधा नगर नगला महेव बरदौली ग्राम से होकर ततारपुर (जीपीएस उ 26°26' 00.68" पू 079°13' 46.26") तक जाती है। इसके बाद, यमुना को पार करके ततारपुर के निकट जाती है। फिर जगम्मनपुर सड़क

(जीपीएस उ 26°25' 49.73" पू 079°12' 48.91") के निकट कनजौसा पुल से होकर हनुमानपुर–सीदौस सड़क पर सीनदन (जीपीएस उ 26°26' 36.678" पू 079°09' 09.35") पहुंचकर निजी भूमि/क्षेत्र भूमि से होते हुए कनजौसा पुल से कवरी नदी के तट पर चौरेला ग्राम (जीपीएस उ 26°28' 35.66" पू 079°05' 52.32") के निकट से होते हुए गुजरती है। फिर यह मध्य प्रदेश–उत्तर प्रदेश सीमा से होकर मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश (जीपीएस उ 26°35' 43.91" पू 079°58' 52.88") की राज्य सीमा के वीनदवन ग्राम के निकट पहुंचती है और चम्बल नदी (जीपीएस उ 26°36' 35.00" पू 079°00'35.02") के तट के निकट स्थित बिंदु पर पहुंचती है।


उपाबंध - IIक

भारत के तीन राज्यों में राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य का अवस्थान मानचित्र




उपाबंध – IIख

भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) की टोपोशीट पर मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र




उपाबंध – IIग

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन और राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य का डिजिटल मानचित्र




उपाबंध – IIघ

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध – IIङ

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का भूमि उपयोग मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी अ : राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

पूर्वी भाग के राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के साथ भू-निर्देशांक		
क्र. सं.	**अक्षांश (उ)**	**देशांतर (पू)**
1	26°46’9.19” उ	78°45’53.87”पू
2	26°45’37.00”उ	78°49’14.28”पू
3	26°42’7.51”उ	78°51’47.33”पू
4	26°41’51.07”उ	78°56’5.95”पू
5	26°39’28.13”उ	78°56’43.43”पू
6	26°38’36.39”उ	78°59’39.48”पू
7	26°36’49.77”उ	78°0’43.21”पू
8	26°35’34.86”उ	78°58’45.66”पू
9	26°34’43.12”उ	79°0’0.12”पू
10	26°32’42.80”उ	79°0’22.62”पू
11	26°30’49.59”उ	79°2’25.90”पू
12	26°29’11.21”उ	79°4’38.47”पू
13	26°27’6.69”उ	79°10’32.09”पू
14	26°26’22.99”उ	79°12’42.97”पू
15	26°26’28.35”उ	79°13’16.82”पू
16	26°28’43.78”उ	79°16’18.33”पू
17	26°31’25.92”उ	79°18’13.44”पू
18	26°33’24.48”उ	79°12’37.77”पू
19	26°36’6.60”उ	79°7’12.09”पू
20	26°34’54.36”उ	79°4’11.78”पू
21	26°38’16.37”उ	79°0’57.64”पू
22	26°41’0.24”उ	78°59’51.53”पू
23	26°43’55.34”उ	78°55’1.17”पू
24	26°47’34.12”उ	78°47’28.79”पू

IndiaCode

पश्चिमी भाग के राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के साथ भू-निर्देशांक		
1	26°51’57.80”उ	78°12’3.60”पू
2	26°49’45.17”उ	78°12’50.43”पू
3	26°48’52.34”उ	78°16’7.16”पू
4	26°51’58.08”उ	78°21’58.36”पू
5	26°49’30.30”उ	78°25’48.32”पू
6	26°46’43.94”उ	78°31’29.40”पू
7	26°46’18.88”उ	78°37’36.25”पू
8	26°47’38.70”उ	78°42’48.76”पू
9	26°46’9.30”उ	78°45’53.75”पू
10	26°47’36.08”उ	78°47’28.65”पू
11	26°49’31.47”उ	78°42’58.66”पू
12	26°48’52.83”उ	78°36’42.95”पू
13	26°49’7.33”उ	78°33’53.38”पू
14	26°50’5.52”उ	78°28’14.68”पू
15	26°53’38.74”उ	78°21’39.73”पू
16	26°52’22.77”उ	78°15’42.88”पू

सारणी आ: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

पूर्वी भाग के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांक		
क्र. सं.	**अक्षांश (उ)**	**देशांतर (पू)**
1	26°25’49.73”उ	79°12’48.91”पू
2	26°26’0.68”उ	79°13’46.26”पू
3	26°26’36.67”उ	79°9’9.35”पू
4	26°28’35.66”उ	79°5’52.32”पू
5	26°28’43.31”उ	79°16’53.15”पू
6	26°32’35.41”उ	79°14’56.17”पू
7	26°35’43.91”उ	78°58’52.88”पू
8	26°36’38.72”उ	79°7’12.78”पू
9	26°39’48.71”उ	79°1’19.12”पू
10	26°43’30.72”उ	78°57’46.98”पू
11	26°44’26.11”उ	78°55’12.43”पू
12	26°46’11.12”उ	78°51’47.48”पू
13	26°47’34.20”उ	78°49’7.04”पू

IndiaCode

14	26°47’36.50”उ	78°47’27.10”पू
15	26°48’1.45”उ	78°47’57.45”पू

पश्चिमी भाग के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांक		
क्र. सं.	**अक्षांश (उ)**	**देशांतर (पू)**
1	26°48’0.81”उ	78°47’52.12”पू
2	26°48’19.83”उ	78°39’23.25”पू
3	26°49’7.78”उ	78°46’11.07”पू
4	26°49’18.44”उ	78°32’51.91”पू
5	26°49’22.49”उ	78°36’54.74”पू
6	26°49’58.40”उ	78°30’21.70”पू
7	26°50’18.98”उ	78°41’15.98”पू
8	26°52’26.38”उ	78°11’45.47”पू
9	26°52’34.77”उ	78°24’46.41”पू
10	26°52’39.85”उ	78°15’14.35”पू
11	26°54’6.22”उ	78°15’49.16”पू
12	26°54’10.78”उ	78°21’43.87”पू

IndiaCode

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ पूर्वी और पश्चिमी भागों के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के चारों ओर राष्ट्रीय चंबल वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र. सं.	**ग्राम का नाम**	**भाग**	**अक्षांश**	**देशांतर**
1.	अहेरिया	पूर्वी भाग	26° 34' 39.90" उ	79° 5' 11.22" पू
2.	अंदावाकीमांधीया		26° 33' 50.10" उ	79° 11' 36.06" पू
3.	अनुरूद्धनगर		26° 28' 25.20" उ	79° 16' 15.00" पू
4.	असेवा		26° 29' 12.50" उ	79° 16' 16.70" पू
5.	असेवाता		26° 30' 4.60" उ	79° 16' 18.30" पू
6.	बदैरा		26° 32' 51.89" उ	79° 13' 42.49" पू
7.	बहादुरपुरा		26° 47' 52.20" उ	78° 47' 47.46" पू
8.	बरदोली		26° 26' 53.30" उ	79° 14' 22.90" पू
9.	बावैन		26° 28' 43.00" उ	79° 16' 35.20" पू
10.	चाकरनागर		26° 34' 22.44" उ	79° 6' 9.48" पू
11.	चांदपुरकलां		26° 45' 49.01" उ	78° 51' 28.33" पू
12.	चोरेला		26° 27' 19.00" उ	79° 9' 42.00" पू
13.	दलीय नगर		26° 34' 42.30" उ	79° 11' 36.00" पू

14.	गोहनी		26° 31' 37.90" उ	79° 15' 0.39" पू
15.	जीतपुर		26° 45' 4.32" उ	78° 52' 40.74" पू
16.	कीथोली		26° 30' 7.80" उ	79° 16' 42.10" पू
17.	कंजोसा		26° 26' 5.80" उ	79° 12' 37.50" पू
18.	कसोआ		26° 38' 26.28" उ	79° 0' 53.94" पू
19.	मंडियादीलीपनगर		26° 35' 29.16" उ	79° 9' 19.86" पू
20.	मनीकपुरा		26° 44' 18.81" उ	78° 54' 30.52" पू
21.	मनीनगर		26° 46' 19.62" उ	78° 50' 33.96" पू
22.	नगल्लाजईत		26° 43' 1.80" उ	78° 57' 5.40" पू
23.	नगलाबनारस		26° 27' 25.20" उ	79° 15' 35.10" पू
24.	नगलाकरोरी		26° 36' 16.20" उ	79° 2' 16.44" पू
25.	नगलामाहैवा		26° 27' 25.20" उ	79° 15' 35.00" पू
26.	नीमदांदा		26° 34' 28.68" उ	79° 4' 30.96" पू
27.	पच्चायेंगोनमोदे		26° 45' 8.93" उ	78° 51' 8.14" पू
28.	दिलीय नगर		26° 35' 36.06" उ	79° 10' 35.82" पू
29.	फुटाटाल		26° 34' 47.82" उ	79° 4' 51.66" पू
30.	पूथान		26° 42' 16.08" उ	78° 58' 58.20" पू
31.	पुरानीधासिंह		26° 47' 6.42" उ	78° 49' 11.28" पू
32.	रामीकावर		26° 42' 36.60" उ	78° 58' 29.94" पू
33.	रामपुरा		26° 29' 58.10" उ	79° 16' 42.10" पू
34.	सागरा		26° 34' 35.70" उ	79° 6' 16.02" पू
35.	सारातात		26° 46' 38.40" उ	78° 50' 6.36" पू
36.	सिकरोरी		26° 32' 25.30" उ	79° 14' 36.00" पू
37.	सीतापुर		26° 46' 51.06" उ	78° 50' 12.48" पू
38.	तीलकसिबह का पुरा		26° 47' 11.46" उ	78° 48' 54.90" पू
39.	ततारपुर		26° 26' 39.60" उ	79° 13' 46.00" पू
40.	उदीमोदे		26° 43' 7.20" उ	78° 57' 25.08" पू
41.	उघन्नपुरा		26° 44' 46.32" उ	78° 53' 30.24" पू

क्र.सं.	**ग्राम का नाम**	**भाग**	**अक्षांश**	**देशांतर**
1.	अभयपुर	**पश्चिमी भाग**	26° 49' 16.00" उ	78° 33' 13.70" पू
2.	बघराइनाहार		26° 50' 48.60" उ	78° 27' 1.70" पू
3.	चाचीहा		26° 50' 26.37" उ	78° 23' 11.73" पू
4.	चाकरपांपुरा		26° 49' 2.60" उ	78° 31' 57.70" पू
5.	छाद्दामीपुरा		26° 51' 55.20" उ	78° 25' 12.00" पू
6.	चुन्नीलालकपुरा		26° 49' 26.50" उ	78° 31' 11.40" पू

India Code

7.	गरीपरातप्पुरा		26° 48' 0.00" उ	78° 46' 0.30" पू
8.	गरीरामपुरा		26° 49' 25.88" उ	78° 40' 38.09" पू
9.	इसयोयपुरा		26° 49' 24.21" उ	78° 45' 10.58" पू
10.	जइटपुराकलां		26° 49' 44.64" उ	78° 41' 34.62" पू
11.	करनपुरा		26° 48' 0.16" उ	78° 38' 41.34" पू
12.	करकोलीपुरा		26° 53' 58.90" उ	78° 18' 10.60" पू
13.	खजुरीयांपुरा		26° 49' 0.73" उ	78° 35' 22.92" पू
14.	कोरथनाह		26° 48' 0.00" उ	78° 46' 52.70" पू
15.	कुकापुरा		26° 48' 48.68" उ	78° 46' 35.54" पू
16.	कुरकीअनपुरा		26° 52' 0.50" उ	78° 12' 15.50" पू
17.	कयोरीहार		26° 51' 31.00" उ	78° 25' 9.70" पू
18.	मजतीला		26° 49' 24.50" उ	78° 36' 44.53" पू
19.	मंसुखपुराकापुरवा		26° 52' 4.80" उ	78° 14' 25.10" पू
20.	मुकुंदीपुरा		26° 49' 11.35" उ	78° 31' 39.52" पू
21.	नयेपुरा		26° 49' 40.14" उ	78° 44' 27.31" पू
22.	ओंधा		26° 53' 58.70" उ	78° 17' 27.80" पू
23.	पदुअपुराहार		26° 53' 44.80" उ	78° 19' 39.20" पू
24.	पापरीनागर		26° 53' 53.40" उ	78° 16' 8.40" पू
25.	पुर्रानुरूधा		26° 52' 39.90" उ	78° 12' 7.90" पू
26.	पुरावासोनी		26° 49' 51.84" उ	78° 27' 35.04" पू
27.	रीपुरादीकछात		26° 48' 46.62" उ	78° 40' 31.26" पू
28.	रामनगरीया		26° 49' 0.00" उ	78° 45' 14.10" पू
29.	रानीबाग		26° 48' 41.16" उ	78° 37' 6.78" पू
30.	शारदादेवी		26° 49' 41.52" उ	78° 29' 42.24" पू
31.	साहपुरागुजर		26° 48' 0.00" उ	78° 47' 36.70" पू
32.	सीजवारीपुरा		26° 49' 36.30" उ	78° 42' 31.80" पू
33.	सुराकापुरा		26° 49' 0.00" उ	78° 45' 26.80" पू
34.	उधांपुरा		26° 49' 56.74" उ	78° 43' 29.49" पू
35.	उमरीथाहार		26° 51' 11.40" उ	78° 25' 46.70" पू
36.	वारकापुरा		26° 52' 29.50" उ	78° 24' 14.00" पू
37.	वीरामपुर		26° 49' 2.04" उ	78° 30' 39.00" पू
38.	वीपरावालीहार		26° 53' 54.30" उ	78° 21' 30.50" पू

IndiaCode

उपाबंध-V

की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्र.-

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें) ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।
4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार (पारिस्थितिकी संवेदी जोन वार)। विवरण उपाबंध के रूप में संलग्न करें।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें) ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें) ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 10th June, 2020

S.O . 1876(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, *vide* notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1653 (E), dated the 16th April, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the 16th April, 2018;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the National Chambal Wildlife Sanctuary is the first and only tri-states riverine protected area of India that crosses the states of Uttar Pradesh, Rajasthan and Madhya Pradesh;

AND WHEREAS, the National Chambal Wildlife Sanctuary located in Agra district of Uttar Pradesh is spread over an area of about 635.00 square kilometres;

AND WHEREAS, major flora available in the sanctuary are *Achyranthes aspera, Calotropis procera, Bombax ceiba, Bauhinia purpurea, Cassia occidentalis, Cassia tora, Tamarindus indica, Cannabis sativa, Ipomoea sp., Cuscuta reflexa, Ricinus communis, Dalbergia sissoo, Pongamia glabra, Azadirachta indica, Melia azedarach, Acacia nilotica,* etc.;

AND WHEREAS, National Chambal Wildlife Sanctuary is the habitat of nilgai (*Boselaphus tragocamelus*), wild boar (*Sus scrofa*), porcupine (*Erethizon dorsatum*), black-naped hare (*Lepus nigricollis*), Indian fox (*Vulpes bengalensis*), golden jackal (*Canis aureus*), hyena (*Crocuta crocuta*), Indian wolf (*Canis lupus pallipes*), smooth-coated otter (*Lutrogale perspicillata*), etc. It is the most important protected area to give protection to freshwater reptiles including Gharial (*Gavialis gangeticus*);

